उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग,
हरिद्वार–249404

संख्याः– 126/01/डी0आर0(डिग्री)/सेवा–2/2021–22 दिनांक : 08,अगस्त, 2023

विज्ञप्ति

<u>असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021</u>

एतद्वारा सूचित किया जाता है कि असिस्टेंट प्रोफेसर (राजकीय महाविद्यालय) चयन–2021 के विज्ञापन दिनांक 04 दिसम्बर, 2021 एवं विज्ञप्ति दिनांक 19 जनवरी, 2022 द्वारा प्राप्त ऑनलाइन आवेदन पत्रों में अंकित ए0पी0आई0 मेरिट के आधार पर श्रेणीवार/उपश्रेणीवार संशोधित कट ऑफ स्कोर के आधार पर शार्टलिस्टिंग परिणाम दिनांक 23 मई, 2023 को घोषित किया गया, जिसमें औपबन्धिक रूप से सफल अभ्यर्थियों से दिनांक 07 जून, 2023 तक प्राप्त किये गये अभिलेखों की सन्निरीक्षा के क्रम में शिक्षाशास्त्र (Education) विषय के लिए अनर्ह सूची, अभ्यर्थन निरस्त सूची एवं अधिमानी अर्हता विषयक सूचना से संबंधित सूची को आयोग की **<u>Website-psc.uk.gov.in</u>** पर प्रसारित किया गया है। अनर्ह सूची एवं अधिमानी अर्हता की सूची के संबंध में अभ्यर्थियों को साक्ष्यों सहित दिनांक 23 अगस्त, 2023 तक प्रत्यावेदन आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करने का अंतिम अवसर भी प्रदान किया गया है, तद्पश्चात अभ्यर्थियों के इस विषय में प्राप्त किसी भी प्रत्यावेदन/प्रमाण–पत्र पर विचार नहीं किया जायेगा। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों को इस संबंध में डाक के माध्यम से पृथक से सूचना प्रदान नही की जायेगी।

–Sd/
(गिरधारी सिंह रावत)
सचिव।